or indifference attitude on the part of any doctor of the Safdarjimg Hospital.

Training of Homoeopathic doctors in analytical Chemistry

52. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA :
SHRI B. V. ABDULLA KOYA:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether homoeopathic doctors are trained, in Analytical Chemistry ;

(b) if so, what are the specific courses and experience given to such students before award of Diplomas and Degrees; ana

(c) what are the details of qualifications of Analytists of Homoeopathic Pharmacopoea Laboratory* Ghaziabad, who are approved under Drugs and Cosmetics Act and the Rules made thereunder?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAFIQUE ALAM) : (a) and (t>) Analytical Chemistry as a subject has not been provided in the syllabus of Diploma and Degree courses in Homoeopathy.

(c) There are no Analysts appointed in Homoeopathic Pharmacopoea Laboratory, Ghaziabad who are approved under the Drugs and Cosmetics Act and Rules thereundef- However, Dr. P. N. Verma, Director, j HPL has been appointed as Govern' ment Analyst for the whole of India who fulfils the qualifications laid down under Rule 44 of the Drugs and Cosmetics Rules. Dr. Verma possesses B.Sc, M.Sc. (Tech.) Phajv maceutics with requisite experience.

देश में कुरिअर सेवाएं

53. डा० अबरार अहमद खान : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने डाक की समानांतर कुरिअर सेवाओं के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है, यदि हां, तो देश में ऐसी कितनी ऐजेंसियां हैं जो अधिकृत रूप से यह कार्य कर रही हैं और राजस्थान में ऐसी सेवाएं करने के लिए कितने संगठनों और एजेंसियों को प्राधिकृत किया गया है ;

(ख) ऐसे कितने कुरिअर एजेंट हैं जिनके विरुद्ध, इससे संबंधित नियमों का पालन न करने के लिए, मुकदमें दर्ज किए गए हैं और क्या इस प्रकार का कोई मुकदमा राजस्थान में भी दर्ज किया गया है ; और

(ग) क्या कुरिअर सेवाओं के लिए सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने के कारण कुछ डाकघरों को बन्द कर दिया गया था, यदि हां तो उन डाकघरों के नाम क्या हैं और क्या पिछले तीन वर्षों में राजस्थान में भी इस प्रकार से कुछ डाकघरों को बंद किया गया है, यदि हां, तो उनके बंद किये जाने के क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) (क) जी नहीं. कुरियर सेवाएं चलाने के लिए प्राइवेट एजेंसियों को लाइसेंस जारी करने के लिए विभाग सक्षम नहीं है अतः देश में इस तरह चल रही एजेंसियों की वास्तविक संख्या मालूम नहीं है।

(ख) 31-3-89 की स्थिति के अनुसार भारतीय डाकघर अधिनियम की व्यवस्थाओं का उल्लंघन करने वाली फर्मों के विरुद्ध 93 मामले दर्ज किए गए हैं। चार मामले राजस्थान में दर्ज किए गए हैं।

(ग) जी नहीं

परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य

54. डा० अबरार अहमद खान : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश की जनसंख्या पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले वर्ष कितने व्यक्तियों को परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लाने का